03-11-2026_Layout 1 04-11-2026 01:16 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

*** अनमोल वचन ***

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 289 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, बुधवार 04 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

INNOCENT HEARTS SCHOOL

Learning Today... Leading Tomorrow !

Nursery to Grade-12

(Affiliated to CBSE)

1800 833 4600 www.innocenthearts.in

ADMISSION OPENS SESSION 2027 -28

NURSERY, LKG & UKG

REGISTRATIONS START FROM AUGUST 04, 2026

*Seat availability as per the vacancy at respective campuses

Our Campuses in Jalandhar*

GMT Green Model Town | LOHARAN Nakodar Road | DIWALI Cantt.- Jandiala Road | NOORPUR Pathankot Road | KPT. ROAD Sports & Surgical Complex, Kapurthala Road



शिरोमणि अकाली दल को झटका

बिक्रम मजीठिया के करीबी नेता 'आप' में शामिल

जालंधर में मुख्यमंत्री मान की मौजूदगी में पार्टी सदस्यता ग्रहण की



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/सिद्धू: पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के दलबदल में तेजी आने लगी है। इसी बीच मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल के पूर्व हलका इंचार्ज रवि मोहन आम आदमी पार्टी (क) में शामिल हो गए हैं। उन्होंने जालंधर में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान क के वरिष्ठ नेता जगरूप सिंह सेखवां और रवि मोहन के साथी भी मौजूद रहे। रवि मोहन ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उन्हें दीनानगर विधानसभा हलके में आम आदमी पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से काम करने को कहा है। रवि मोहन इससे पहले शिरोमणि अकाली दल में सक्रिय रहे हैं। उन्हें अकाली नेता बिक्रम मजीठिया के करीबी साथियों में गिना जाता रहा है। वह भोआ विधानसभा हलके के पूर्व इंचार्ज के अलावा जिला परिषद सदस्य भी रह चुके हैं। रवि मोहन एससी विंग में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

2027 चुनाव से पहले राजनीतिक समीकरणों पर नजर

रवि मोहन का आम आदमी पार्टी में शामिल होना अकाली दल के लिए राजनीतिक झटके के तौर पर देखा जा रहा है। अब यह देखना होगा कि पार्टी उन्हें दीनानगर में संगठन मजबूत करने के लिए क्या जिम्मेदारी देती है और उनके शामिल होने से क्षेत्र की राजनीति पर कितना असर पड़ता है।

दिवाली के बाद पंजाब में अकाली दल-बीजेपी गठबंधन का ऐलान संभव! 50 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है भाजपा

- सूत्रों के मुताबिक, भाजपा इस बार 45 से 50 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है
- बाकी 67 सीटों पर शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार उतारे जा सकते हैं
- वहीं गठबंधन फाइनल होने के बाद पीएम मोदी बठिंडा का दौरा कर सकते हैं

दोनों पार्टियों के बीच फिलहाल सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत चल रही है



जालंधर सिटी लाइव

2027 विधानसभा चुनाव को लेकर पंजाब की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। दिवाली के बाद शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच गठबंधन का ऐलान हो सकता है। दोनों पार्टियों के बीच फिलहाल सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत चल रही है। ऐसे में अब सभी की नजर दिवाली के बाद होने वाले संभावित ऐलान पर टिकी है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा इस बार करीब 45 से 50 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दिल्ली और चंडीगढ़ में 2027 में ह्ष्ठ सरकार बनने के बयान के बाद दोनों दलों के बीच गठबंधन की चर्चाएं तेज हो गई हैं। भाजपा से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, गठबंधन फाइनल होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बठिंडा का दौरा कर सकते हैं। भाजपा इस बार सीट शेयरिंग में बराबरी की हिस्सेदारी चाहती है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी करीब 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग कर रही है, जबकि बाकी 67 सीटों पर अकाली दल के उम्मीदवार उतारे जा सकते हैं। गौरतलब है कि 1997 से 2017 तक चले अकाली दल-क्ष्छक गठबंधन में भाजपा को 117 में से 23 सीटें मिलती थीं, जबकि अकाली दल 94 सीटों पर चुनाव लड़ता था। भाजपा से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, गठबंधन होने पर अकाली दल को केंद्र सरकार में जगह मिल सकती है। ऐसे में सांसद हरसिमरत कौर बादल की दोबारा केंद्रीय मंत्री बनने की संभावना जताई जा रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू के केंद्र से हटने के बाद पंजाब से फिलहाल कोई मंत्री नहीं है। ऐसे में गठबंधन के जरिए पंजाब को केंद्र में प्रतिनिधित्व मिल सकता है।

गठबंधन की संभावना के संकेत दिए

अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल भी भाजपा के साथ गठबंधन की संभावना को पूरी तरह खारिज नहीं कर रहे हैं। उन्होंने चंडीगढ़ में दो बार कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस उनकी कट्टर दुश्मन हैं। इसके अलावा जिन पार्टियों के साथ उनकी सोच मिलती है, उनके लिए गठबंधन के दरवाजे खुले हैं। वहीं, सांसद हरसिमरत कौर बादल भी एक रैली में गठबंधन को लेकर संकेत दे चुकी हैं।

Follow us on

DECADES OF TRUSTED SERVICE ©

DGLA DIAMOND & GEM LABORATORIES OF AMERICA

Gujranwala Jewellers

THE TRUSTED & THE OLDEST JEWELLERY HOUSE

Plaza Chowk, G.T. Road, Jalandhar +91-94656-66699

UPTO 40%* OFF

ON MAKING CHARGES OF GOLD & DIAMOND JEWELLERY



SUNDAY OPEN

T&C APPLY

WE HAVE NO OTHER BRANCH


सोशल मीडिया पर वायरल संदेश

राजनीति से दूरी बनाएंगे मोहिंदर सिंह केपी

सोशल मीडिया पर राजनीति से संन्यास लेने की खबर तेजी से वायरल

- 40 साल बाद केपी ने सक्रिय राजनीति से दूरी बनाने की इच्छा जताई
- हालांकि, उनके संन्यास लेने की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई
- अब सभी की नजरें मोहिंदर सिंह केपी के आधिकारिक बयान पर टिकी

जालंधर सिटी लाइव



पंजाब की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ नेता मोहिंदर सिंह केपी के राजनीति से संन्यास लेने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर उनके सक्रिय राजनीति से दूरी बनाने की खबर तेजी से वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि करीब 40 साल तक राजनीति में सक्रिय रहने के बाद अब नई पीढ़ी को मौका देने की इच्छा जताई है। हालांकि, संन्यास लेने की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब सभी की नजरें मोहिंदर सिंह केपी के आधिकारिक बयान पर टिकी हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर राजनीति से संन्यास लेने की खबर तेजी से वायरल हो रही है। करतारपुर विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी नई पीढ़ी को सौंपने की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। माना जा रहा है कि अगर केपी सक्रिय राजनीति से दूरी बनाते हैं तो क्षेत्र में उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए नए चेहरे को जिम्मेदारी दी जा सकती है। फिलहाल मोहिंदर सिंह केपी के राजनीतिक भविष्य को लेकर चर्चाएं तेज हैं। उनके इस फैसले को लेकर पंजाब के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

ग्लेन मैक्सवेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा-अलविदा

ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। 38 साल के मैक्सवेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। इससे पहले वह जून 2025 में वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले चुके हैं। अब वह ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम की ओर से किसी भी फॉर्मेट में नहीं खेलेंगे। मैक्सवेल ने लिस्ट ़ और फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। हालांकि, टी-20 लीग में उनका खेलना जारी रहेगा। वह बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स की ओर से खेलते नजर आएंगे। टीम के साथ उनका कॉन्ट्रैक्ट 2027-28 सीजन तक है। इसके अलावा उनके IPL में खेलने की संभावना भी बनी रहेगी। ग्लेन मैक्सवेल ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला फरवरी 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान खेला था। यह मैच ओमान के खिलाफ था।

मगर आईपीएल और बिग बैश में खेलते रहेंगे

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल से पहले नितिन कोहली ने मोहाली की तैयारियों का लिया जायजा

डीसी कोमल मित्तल, एसएसपी और वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में लिया हिस्सा; 4 नवंबर को दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा भारत

जालंधर सिटी लाइव

मोहाली: हॉकी पंजाब के अध्यक्ष और हॉकी इंडिया के उपाध्यक्ष नितिन कोहली ने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब 2026 के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों की तैयारियों की समीक्षा के लिए मोहाली में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल, एसएसपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। चर्चा में सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, स्टेडियम की सुविधाओं, दर्शकों के इंतजाम और मैचों के सुचारू आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर ध्यान केंद्रित किया गया। 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट में छह टीमें भारत, जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, चीन और बांग्लादेश हिस्सा ले रही हैं। लीग मुकाबले जालंधर के ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में खेले गए, जबकि नॉकआउट मुकाबले मोहाली के ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे हैं। भारत ने लगातार पांच जीत के साथ लीग में शीर्ष स्थान हासिल किया और 15 अंक जुटाए। मेजबान टीम ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 8-0 की शानदार जीत के साथ अपने लीग अभियान का समापन किया। सेमीफाइनल मुकाबले 4 नवंबर को होंगे, जिसमें भारत का सामना दक्षिण कोरिया से और जापान का मुकाबला मलेशिया से होगा। कांस्य पदक मुकाबला और फाइनल 5 नवंबर को क्रमशः शाम 4ः30 बजे और शाम 7 बजे निर्धारित हैं। कोहली ने अंतरराष्ट्रीय आयोजन के सफल संचालन के लिए प्रशासन और खेल संगठनों के बीच समन्वय के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह चैंपियनशिप पंजाब के लिए गर्व की बात है और राज्य की समृद्ध हॉकी विरासत को प्रदर्शित करने के साथ-साथ युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने का अवसर है। लीग चरण में भारत के अजेय रहने के बाद अब मोहाली में होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में घरेलू टीम पर सभी की नजरें रहेंगी।



CMYK

03-11-2026_Layout 1 04-11-2026 01:16 Page 2

बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी! मांगी करोड़ों रुपए की फिरौती

- हैरी बॉक्सर के नाम के गैंगस्टर से धमकी भरा कॉल आया
- कॉल करने वाले ने एक्टर से 5 करोड़ की फिरौती मांगी है
- कॉल आने के बाद तुरंत मुंबई पुलिस को जानकारी दी गई

जालंधर सिटी लाइव

मुंबई। मशहूर बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से धमकी मिली है। उन्हें हैरी



बॉक्सर के नाम के गैंगस्टर से धमकी भरा कॉल आया है। कॉल करने वाले ने एक्टर से 5 करोड़ की फिरौती मांगी है। फिरौती की कॉल आने के बाद तुषार कपूर ने तुरंत मुंबई पुलिस को जानकारी दी है। मामले की जानकारी सामने आते ही मुंबई पुलिस ने इस केस को एंटी-एक्सटॉर्शन सेल को सौंप दिया है। वहीं क्राइम ब्रांच की टीमें भी इस मामले की जांच कर रही है। टेक्निकल टीम ने ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच की। आवाज का मिलान हैरी बॉक्सर के आधिकारिक ऑडियो सैंपल से किया गया।

डर पैदा करने के लिए किया है कॉल

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, दोनों आवाजें आपस में मेल नहीं खातीं। इससे पुलिस को शक है कि यह फर्जी कॉल था। किसी ने गैंग का नाम लेकर डर पैदा करने की कोशिश की। बता दें कि एक्टर टाइगर श्रॉफ पर हुई फायरिंग के बाद सभी बॉलीवुड एक्टर्स ने अपनी सुरक्षा बढ़ा ली है।

अमेरिका में नगर कीर्तन के दौरान हिंसा, एक-दूसरे पर चलाईं तलवारें, जांच कर रहे पुलिस

अमेरिका के कैलिफोर्निया में नगर कीर्तन के दौरान हिंसा देखने को मिली है। जानकारी के मुताबिक सटर काउंटी में आयोजित शनिवार को नगर कीर्तन के दौरान फायरिंग हुई थी। वहीं रविवार को तलवारें चलीं। इस दौरान 2 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस दोनों घटनाओं को आपस में जोड़कर जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तलवारें चलाने वाले आरोपी दविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फायरिंग के मामले में एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की गई है। पुलिस सिख गुरुद्वारे के प्रबंधन के साथ मिलकर काम कर रही हैं, ताकि घटनाओं में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

सुंदर शाम अरोड़ा की मुश्किलें बढ़ीं! पूर्व मंत्री के घर ईडी की रेड दूसरे दिन भी जारी

ईडी की टीम के साथ सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं

जालंधर सिटी लाइव

होशियारपुर। पंजाब के पूर्व उद्योग मंत्री और कांग्रेस नेता सुंदर शाम अरोड़ा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। होशियारपुर के जोधा मल रोड स्थित उनके आवास पर श्वष्ठ की छापेमारी मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। सोमवार सुबह 5 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में श्वष्ठ की टीम के साथ सुरक्षा के लिए ष्ट्रत्रक्षह्म के जवान तैनात हैं और अंदर दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है। बाहरी लोगों की आवाजाही पर भी रोक लगाई गई है। श्वष्ठ की कार्रवाई का दायरा सुंदर शाम अरोड़ा के आवास तक



सीमित नहीं है। एजेंसी की अलग-अलग टीमों ने उनके बेटे प्रतीक अरोड़ा और व्यावसायिक सहयोगियों के ठिकानों पर भी दबिश दी है। जांच के दायरे में मार्बेला ग्रुप और गुलमोहर टाउनशिप ग्रुप जैसे रियल एस्टेट डेवलपर्स भी शामिल हैं। फिलहाल एजेंसी की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

जनवरी में भी हुई थी ED की छापेमारी

यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग और आय से अधिक संपत्ति से जुड़े मामले में की जा रही है। जांच एजेंसी ने सुंदर शाम अरोड़ा के आवास को घेर रखा है। अरोड़ा इससे पहले भी जांच एजेंसियों के निशाने पर आ चुके हैं। 27 जनवरी को ED ने आयकर विभाग के साथ मिलकर उनके आवास पर छापेमारी की थी। उस दौरान कई घंटों तक दस्तावेजों की जांच की गई थी।

नेपाल में 2 हैलिकॉप्टर आपस में टकराए, हादसे में एक भारतीय की मौत

जालंधर सिटी लाइव

नेपाल में एवरेस्ट में मंगलवार को सुबह-सुबह लैंडिंग के दौरान 2 हैलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। इस हादसे में एक भारतीय पर्यटक वसंत कुमार बालारामारामाडु की मौत हो गई है, जबकि न्यूज़ीलैंड के भारतीय मूल के नागरिक शैलेश कृष्ण पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दोनों हैलिकॉप्टर उतरने की कोशिश कर रहे थे। नज़दीक आते ही रोटर ब्लेड टकरा गए और दोनों क्रैश हो गए। यह हादसा सुबह 8.11 बजे फेरीचे हेलीपैड पर हुआ है। नेपाली अधिकारियों के मुताबिक एक हेलिकॉप्टर लुकला से आ रहा था, जबकि



दूसरा एवरेस्ट बेस कैंप के पास गोरक्षेप की तरफ से लौट रहा था। दोनों अलग-अलग दिशाओं से एक ही जगह उतरने की कोशिश कर रहे थे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हेलीपैड पर बर्फ जमी होने के कारण भी यह स्थिति बनी हो सकती है। हालांकि, हादसे की असली वजह की पुष्टि नहीं हुई है।

डीए मामले में पंजाब सरकार को हाईकोर्ट का झटका, चीफ सेक्रेटरी को अवमानना नोटिस जारी

- पंजाब सरकार को 17 नवंबर तक अपना जवाब दाखिल करने के निर्देश

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब में महंगाई भत्ते (DA) से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए राज्य के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा को अवमानना का नोटिस जारी किया है। अदालत ने पंजाब सरकार को 17 नवंबर तक अपना जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने सवाल उठाया कि महंगाई भत्ते से जुड़े मामले में पहले दिए गए आदेशों का अब तक पालन क्यों नहीं किया गया। इस मामले में इससे पहले भी



हाईकोर्ट मुख्य सचिव पर जुर्माना लगा चुका है। अब अदालत ने सरकार से जवाब मांगते हुए अगली सुनवाई के लिए समय तय किया है। मामला लंबित होने पर कोर्ट ने मांगा जवाब सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सवाल किया कि महंगाई भत्ते से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में अभी तक लंबित क्यों है। इस पर मुख्य सचिव केएपी सिन्हा ने अदालत को बताया कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील से जुड़ी सभी खामियां दूर कर दी गई हैं।

लुधियाना में कारोबारी के बर्थडे पर जानलेवा हमला

थार पर 15-20 राउंड फायरिंग; फटे टायरों के सहारे बचाई जान

- पहले ईंट-पत्थरों से हमला किया और फिर ताबड़तोड़ फायरिंग की
- गाड़ी के शीशे और टायर क्षतिग्रस्त होने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी
- भाई रोहन, मां सीमा रानी, पारस बस्सी पर कानूनी कार्रवाई की मांग

जालंधर सिटी लाइव

लुधियाना। लुधियाना में वामिका एंटरप्राइज के मालिक दिव्यांशु बग्गा पर जन्मदिन की रात जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। शिंगार सिनेमा रोड स्थित हरचरण नगर इलाके में 25 से 30 युवकों ने उनकी थार गाड़ी को घेरकर पहले ईंट-पत्थरों से हमला किया और फिर ताबड़तोड़ फायरिंग की। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने गाड़ी पर करीब 15 से 20 राउंड गोलियां चलाईं। गाड़ी के



शीशे और टायर क्षतिग्रस्त होने के बावजूद दिव्यांशु ने हिम्मत नहीं हारी और किसी तरह गाड़ी भगाकर वहां से निकलने में कामयाब रहा। दिव्यांशु बग्गा ने मुख्यमंत्री और पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। उसने लड़की के भाई रोहन, मां सीमा रानी, पारस बस्सी और अन्य अज्ञात हमलावरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की अपील की है। दिव्यांशु बग्गा के मुताबिक, 2 नवंबर को उसका जन्मदिन था। रात करीब 12:30 बजे वह अपने एक दोस्त को छोड़ने के लिए हरचरण नगर पहुंचा था। आरोप है कि इससे पहले उसकी गर्लफ्रेंड ने फोन कर उसे गली में बुलाया था। जैसे ही वह दोस्त को छोड़कर वहां पहुंचा, पहले से मौजूद युवकों ने उसे घेर लिया। पीड़ित का दावा है कि मौके पर 15 से 20 युवक पहले से मौजूद थे, जबकि गली के बाहर 25 से 30 लोगों की भीड़ खड़ी थी। हमलावरों ने उसे संभलने का मौका दिए बिना ईंट-पत्थरों से हमला शुरू कर दिया। इस दौरान उसके दोस्त के सिर पर गंभीर चोट लग गई।

थार भगाने गया तो युवकों ने की फायरिंग

दिव्यांशु ने बताया कि हालात बिगड़ते देख उसने अपनी थार गाड़ी वहां से निकालने की कोशिश की। इसी दौरान 7 से 8 हथियारबंद युवकों ने उस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। आरोप है कि हमलावरों ने 15 से 20 राउंड फायरिंग की। एक गोली गाड़ी की सीट के हेडरेस्ट को आर-पार कर गई। दिव्यांशु के अनुसार, दोनों परिवारों के बीच पहले से जान-पहचान थी। दोनों परिवार अक्सर खाटू श्याम के दर्शन के लिए जाते थे। इसी दौरान उसकी लड़की के साथ दोस्ती हुई थी। हालांकि, पिछले कुछ समय से दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

स्पीड रिकार्ड के संचालक दिनेश औलख के घर पहुंचे कैंट हलका ईंचार्ज दीपक बाली, परिवार से दुख किया साझा

- कहा-औलख परिवार की यह कमी कभी भी पूरी नहीं हो सकती
- पत्नी को देखा, कैसे बेसुध है और उन्हें कुछ समझ नहीं आ रही
- पिता के लिए मुश्किल पल यही बेटे की चिता को खुद आग देना

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। जालंधर में स्पीड रिकार्ड के संचालक दिनेश औलख के बेटे दिवित औलख के परिवार की ओर से अंतिम संस्कार की तैयारियां जारी हैं। घर पर गमहीन माहौल है। वहीं दिनेश औलख के घर पहुंचे। दीपक बाली ने कहा कि औलाद को अगर बुखार हो जाए तो मां-बाप परेशान हो जाते है, लेकिन अगर औलाद ऐसी जगह चली जाए जहां से वापिस आने की कोई उम्मीद न हो तो उस दुख को बयान करना मुश्किल है। इस मुश्किल घड़ी में आप पार्टी के कैंट हलका ईंचार्ज दीपक बाली के साथ खड़े है। कैंट हलका ईंचार्ज दीपक बाली ने कहा कि यह काफी दुखद घटना है। एक पिता के लिए सबसे मुश्किल पल यही है कि बेटे की चिता को खुद आग देना। मां-बाप के औलाद को लेकर काफी सपने होते है। ऐसे में औलाद का चले जाने का दुख काफी बड़ा होता है। दिनेश औलख की पत्नी को देखा, कैसे वह बेसुध है और उन्हें कुछ भी समझ नहीं आ रही। औलख परिवार की यह कमी कभी भी पूरी नहीं हो सकती।

अलसुबह पहुंचे जैज़ी बी, कनाडा का शो कैंसिल

वहीं आज अल सुबह ×.×0 बजे गायक जैजी बी पहुंचे। घर पहुंचने से पहले गायक जैजी बी ने भावुक पोस्ट शेयर की। पोस्ट में लिखा कि मेरा दिल टूट गया है। हमारा परिवार मेरे प्यारे भतीजे, दिवित औलख के दुखद निधन पर शोक मना रहा है। इस कठिन समय में परिवार मेरी प्राथमिकता है, इसलिए मैं वैंकूवर कैनक्स के साथ कल होने वाले 'सेरेमोनियल पक ड्रॉप' कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाऊंगा।





03-11-2026_Layout 1 04-11-2026 01:16 Page 3

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

स्पीड रिकॉर्ड के मालिक दिनेश औलख के बेटे



दिवित औलख पंचतत्व में विलीन

यो यो हनी सिंह समेत कई गायकों ने कंधा देकर दी अंतिम विदाई

पंजाबी म्यूजिक और फिल्म इंडस्ट्री की कई हस्तियां श्मशानघाट पहुंचीं

























जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/सिद्धू: स्पीड रिकॉर्ड के मालिक दिनेश औलख के बेटे दिवित औलख का मंगलवार को जालंधर के मॉडल टाउन श्मशानघाट में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पिता दिनेश औलख ने बेटे को मुखाग्नि दी। दिवित को अंतिम विदाई देने के लिए पंजाबी म्यूजिक और फिल्म इंडस्ट्री की कई हस्तियां श्मशानघाट पहुंचीं। गायक यो यो हनी सिंह समेत कई कलाकारों ने दिवित के पार्थिव शरीर को कंधा देकर विदाई दी। इस दौरान हर किसी की आंखें नम थीं। गायक यो यो हनी सिंह भी अपने भतीजे दिवित को अंतिम विदाई देने पहुंचे। वहीं, लैंबर हुसैनपुरी, गुरप्रीत घुग्गी, सरबजीत सिंह चीमा, बब्बू मान, मंगी माहल और बूटा मोहम्मद समेत कई कलाकारों ने परिवार के साथ दुख साझा किया।

पुराने पल याद किए, सिस्टम पर सवाल : हुसैनपुरी

गायक लैंबर हुसैनपुरी ने दिवित और उसके परिवार से जुड़ी पुरानी यादें साझा करते हुए बताया कि जब बच्चे काफी छोटे थे, उस समय वह इंग्लैंड दौरे पर गए हुए थे। दिनेश औलख ने फोन करके बच्चों के लिए सामान मंगवाया था। इसके बाद वह करीब 25 किलो का बैग भरकर बच्चों के लिए सामान लेकर आए थे। जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ, ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

फूलों जैसे बच्चों की कंधों पर विदाई दुखद : घुग्गी

अभिनेता और कॉमेडियन गुरप्रीत घुग्गी इस दौरान भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि फूलों जैसे बेटे-बेटियों को गंगा में प्रवाहित करना आसान नहीं होता। बच्चे खेलते-कूदते अच्छे लगते हैं, लेकिन उन्हें कंधों पर उठाकर अंतिम विदाई देना माता-पिता के लिए सबसे बड़ा दुख है। कार्यक्रम के बाद सभी लोग अपने घर लौट जाएंगे, लेकिन जिस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है, उसकी तकलीफ वही समझ सकता है।

माता-पिता को दुख सहना मुश्किल : सरबजीत चीमा

गायक सरबजीत सिंह चीमा ने कहा कि इतना बड़ा दुख कोई भी परिवार आसानी से सहन नहीं कर सकता। माता-पिता अपने जवान बेटे को बड़े लाड-प्यार से पालते हैं और कभी कल्पना भी नहीं करते कि उन्हें इस तरह अपने बच्चे को दुनिया से विदा करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि परिवार के लिए अब जिंदगी का हर पल गुजारना बेहद मुश्किल होगा।

खुद को संभाल नहीं पाए और भावुक हुए मंगी माहल

गायक मंगी माहल ने कहा कि जवान बेटे का शव पिता के कंधों पर जाना बेहद दुखद है। जिस बच्चे को माता-पिता अपने हाथों से पालते हैं, जिसके बचपन और लोहड़ी जैसे त्योहारों की यादें परिवार के साथ जुड़ी होती हैं, उसे इस तरह अंतिम विदाई देना असहनीय है। दिवित को याद करते हुए मंगी माहल खुद को संभाल नहीं पाए और भावुक होकर रोने लगे।

बच्चों के जाने से होता खालीपन महसूस : बूटा मोहम्मद

गायक बूटा मोहम्मद ने कहा कि बच्चे के जाने से परिवार को जो खालीपन महसूस होता है, उसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता। बच्चों के साथ परिवार की जिंदगी आगे बढ़ती है, लेकिन उनके जाने से माता-पिता के जीवन में ऐसा दुख आ जाता है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। उन्होंने अरदास की कि परमात्मा दिवित को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।









बब्बू मान, लैंबर हुसैनपुरी, गुरप्रीत घुंग्गी, सरबजीत सिंह चीमा, मंगी माहल, बूटा मोहम्मद समेत कई कलाकारों ने परिवार के साथ जताई संवेदनाएं

"फूलों जैसे बेटे-बेटियों को गंगा में प्रवाहित करना आसान नहीं होता : घुग्गी

दिनेश औलख के परिवार के लिए यह दुख अपूरणीय, हर किसी की आंखें नम

दिवित को अंतिम विदाई

03-11-2026_Layout 1 04-11-2026 01:16 Page 4



सेंट सोल्जर इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीकल्चर द्वारा दो दिवसीय दिवाली प्रदर्शनी का आयोजन



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। सेंट सोल्जर इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीकल्चर द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मकता, प्रतिभा और उद्यमशीलता के कौशल को प्रदर्शित करने के लिए दो दिवसीय दिवाली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों की आकर्षक रेंज प्रदर्शित की गई, जिसमें सजावटी दीये, क्ले आर्ट, क्रोशिया की-रिंग, स्कार्फ,फूलों के गमले, स्क्रंचीज़, बो, पाउच, बैग, लंच बैग, कुर्तियां, गिफ्ट आइटम, वॉल हैंगिंग और बेकार सामग्रीसे बनाई गई सजावटी बोतलें शामिल थीं। विद्यार्थियों ने इन रचनात्मक उत्पादों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा, नवीन विचारों और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा ने विद्यार्थियों के उत्साह, रचनात्मकता और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों कोभविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, अपने कौशल को निखारने तथा स्वयंके साथ-साथ संस्थान का नाम रोशन करने के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनहर अरोड़ा और प्रिंसिपल डॉ. सिमरनजीत सिंह ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों कीसराहना की तथा उन्हें अपनी रचनात्मक क्षमता को और अधिक विकसित करने एवं उद्यमशीलता के गुणों को निखारने के लिए प्रेरित किया।

के.एम.वी. ने ज़ोनल यूथ फेस्टिवल में हासिल की शानदार उपलब्धियाँ

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। कन्या महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर द्वारा आयोजित ज़ोनल यूथ फेस्टिवल में अपनी असाधारण प्रतिभा, सांस्कृतिक उत्कृष्टता और रचनात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पारंपरिक कलाओं, साहित्यिक प्रतियोगिताओं, ललित कलाओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्टस्थान प्राप्त किए। शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा साबित करते हुए टीम के.एम.वी. ने चार प्रतियोगिताओं में प्रथम,पाँच प्रतियोगिताओं में द्वितीय तथा दस प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान हासिल किया। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण पारंपरिक लोक कलाओं एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में के.एम.वी. का शानदार प्रदर्शन रहा। महाविद्यालय ने गिद्धा,डिबेट, टोकरी बनाना और छिक्कू बनाना प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पंजाबी विरासत को संरक्षित रखने के प्रति छात्राओं के समर्पण और बौद्धिक वाद-विवाद में उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा की निर्णायकों एवं दर्शकों द्वारा खूब सराहना की गई। अपनी इस शानदार सफलता को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय की छात्राओं ने कॉस्ट्यूम परेड, मिमिक्री, शॉर्ट फिल्म मेकिंग, मेहंदी और कोरियोग्राफी की प्रतियोगिताओं में दूसरा स्थान प्राप्त किया। ये उपलब्धियाँ संस्थान की नाट्य एवं रचनात्मक प्रतिभा को दर्शाती हैं। इसके अतिरिक्त, के.एम.वी. ने शास्त्रीय गायन (एकल), कार्टूनिंग, ऑन-द-स्पॉट फोटोग्राफी, जनरल डांस, समूह भजन, भारतीयसमूह गान, रंगोली, फुलकारी, पीढ़ी बुनाई और पंखी बनाने की प्रतियोगिताओं में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर परडायरेक्टर प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी विजेता टीमों, टीचर्स एवं छात्र कलाकारों को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और संस्थान की गौरवशाली कलात्मक एवं सांस्कृतिक परंपरा को बनाए रखने के लिए हार्दिक बधाई दी।



एच.एम.वी. की एनसीसी कैडेट अर्चिता ने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में किया संस्थान का नाम रोशन

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। हंसराज महिला महाविद्यालय, जालंधर की एनसीसी आर्मी विंग की कैडेट अंडर ऑफिसर अर्चिता ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतिष्ठित परेड में भाग लेकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। उसने गुजरात के एकता नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने वाली एनसीसी टुकड़ी के सदस्य के रूप में मार्च किया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परेड में उसकी सहभागिता उसके अनुशासन, समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति की भावना का परिचायक है। उसकी यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और लगन का परिणाम है, जिसने महाविद्यालय के गौरव में एक और उपलब्धि जोड़ दी है। प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) एकता खोसला ने कैडेट अर्चिता को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी औरउसके उ÷वल भविष्य की कामना की। एनसीसी ऑफिसर एवं एएनओ लेफ्टिनेंट सोनिया महेंदू ने भी अर्चिता की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्तकरते हुए उसके समर्पण, अनुशासन और मेहनत कीसराहना की। समस्त एच.एम.वी. परिवार ने भी उसकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उसेभविष्य में सफलता के नए शिखर छूने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज़
स्वामी, संपादक, मुद्रक, प्रकाशित रमेश चन्द्र नैयार ने 66 गुरु हरिकृष्ण नगर बस्ती गुजां जालंधर से मुद्रित एवं वचितरा प्रिंटर महाऋषि दयानंद मठ मार्केट, धन्न मोहल्ला, जालंधर से प्रकाशित किया।
EDITOR :
RAMESH CHANDER NAYYAR
Title Code : PUNHIN01951
Contact No : 9855559913
Responsible For Selections of News And Other Matter As Prb Act All Disputer Will Be Fi&ed Under The Jurisdictions of Distt. Jalandhr Courts.

गैंगस्टरों के नेटवर्क पर डीजीपी गौरव यादव का बड़ा प्रहार

473 ठिकानों पर छापेमारी



- 181 आरोपी गिरफ्तार, 10 घोषित अपराधी काबू, चार हथियार बरामद

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब में गैंगस्टरों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए पंजाब पुलिस ने अपना अभियान तेज कर दिया है। 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के 286वें दिन पुलिस ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) के सहयोग से राज्यभर में चिन्हित 473 ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस कार्रवाई के दौरान 181 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 10 घोषित अपराधियों को भी काबू किया गया। इस दौरान चार हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने 160 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई भी की है। पंजाब पुलिस के अनुसार 20 जनवरी 2026 को शुरू किए गए इस अभियान के तहत अब तक कुल 82,126 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं। पुलिस ने आम लोगों से गैंगस्टरों और वांछित अपराधियों की जानकारी साझा करने की अपील की है। इसके लिए एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 जारी किया गया है, जिस पर गुप्त रूप से सूचना दी जा सकती है। इसके अलावा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के तहत भी 210 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 1.4 किलो हेरोइन, 5.6 किलो अफीम और अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं।



